Rajasthan Patrika

EDII

January 29, 2025
Pg.2

नाबार्ड चेयरमैन ने किया ईडीआईआई का दौरा

विकसित भारत की लक्ष्य प्राप्ति को उद्यमिता महत्वपूर्ण : शाजी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के चेयरमैन शाजी के वी ने मंगलवार को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) का दौरा किया।

यहां उन्होंने आईटीआई के प्राचार्य, ईडीआईआई के पीजी छात्रों, जीआई-टैग कारीगरों, संस्थान के प्राध्यापक व कर्मचारियों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और दीर्घकालिक विकास के लिए उद्यमिता महत्वपूर्ण है। नाबार्ड एक नई व्यवस्था बनाने के लिए कृषि, ग्रामीण विकास, क्षमता निर्माण, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इसे हासिल करने में ईडीआईआई एक विश्वसनीय भागीदार होगा।

उन्होंने संस्थान परिसर में आयोजित जीआई-टैग कारीगरों की प्रदर्शनी को भी निहारा। इस दौरान नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंध बी के सिंघल और ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ.सुनील शुक्ला भी मौजूद रहे। ज्ञात हो कि शाजी के वी ईडीआईआई गवर्निंग बोर्ड के सदस्य भी हैं।